

# महापौर का मेट्रो अधिकारियों पर फूटा गुस्सा

- ब्रिज बन गए, पर सर्विस रोड अब तक क्यों नहीं बनी?
- लवकुश चौराहे से बापट चौराहे तक बदहाल सड़क का निरीक्षण

नव भारत न्यूज

**इंदौर. आज महापौर का गुस्सा मेट्रो अधिकारियों पर गुस्सा फूट पड़ा. गुस्से का कारण यह है कि मेट्रो रेल अधिकारियों ने ब्रिज बना लिए, लेकिन सर्विस रोड नहीं बनाई. सर्विस रोड की दुर्दशा पर महापौर ने मेट्रो अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई और पूछा कि 20 दिन हो गए बारिश बंद हुए, लेकिन सर्विस रोड का काम शुरू नहीं हुआ?**

आज महापौर पुष्यमित्र भार्गव और क्षेत्रीय विधायक रमेश मेंदोला ने अरविंदो सड़क, लवकुश चौराहे से बापट चौराहे तक सड़क का निरीक्षण किया. इस दौरान सड़को पर उड़ती धूल और गड्डों को लेकर महापौर को गुस्सा आ गया और उन्होंने मेट्रो रेल कॉरपोरेशन अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई. महापौर ने अधिकारियों से कहा कि पहले सर्विस रोड ठीक करनी चाहिए थी, लोग कैसे आएंगे-जाएंगे? जब ब्रिज बन गए तब सर्विस रोड क्यों नहीं बनी? बारिश को रुके 20 दिन हो गए, कम से कम एक किलोमीटर सड़क तो बन जानी चाहिए थी.

गौरतलब है कि शहर के अधिकांश हिस्सों में पेंचवर्क का कार्य पूरा हो चुका है. बाकी स्थानों पर कार्य तेज़ी से जारी है. महापौर लगातार रात में निरीक्षण कर रहे हैं, ताकि गुणवत्ता से कोई समझौता न हो. महापौर की नाराज़गी के बाद एमपीआरडीसी ने सर्विस रोड तैयार कर दी है. वही पीडब्ल्यूडी ने रेतीमंडी ब्रिज पर मरम्मत कार्य शुरू किया है.

**अब देरी बर्दाश्त नहीं होगी**

निरीक्षण के बाद महापौर ने अधिकारियों से सवाल पूछा कि आपके रहते इतनी बदहाल स्थिति कैसे बनी? कौन-सी कंसल्टेंसी है जो सड़क की योजना तक नहीं बना सकी? इसके बाद उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अब देरी बर्दाश्त नहीं होगी और जल्द सर्विस रोड ठीक की जाए. विधायक रमेश मेंदोला ने भी निरीक्षण के बाद कहा कि जनता की परेशानी अब और नहीं बढ़नी चाहिए, तुरंत सुधार कार्य शुरू करें।

# प्रशासन की निजी बसों पर कार्रवाई : 6 बसें जब्त, 9 पर जुर्माना

- साढ़े पांच लाख का खोपरा बूरा भी किया गया जब्त

नव भारत न्यूज

**इंदौर. आज प्रशासन ने निजी बसों के खिलाफ संयुक्त रूप से 15 बसों पर कार्रवाई की. इस दौरान एक निजी बस से 5 लाख का खोपरा बुरा बाराबाद किया. साथ ही कुछ बसों को जप्त और कुछ जुर्माना भी लगाया.**




शहर में नियम विरूद्ध चल रही बसों के खिलाफ परिवहन विभाग, प्रशासन और यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में आज जांच के दौरान एक वीडियो कोच बस को पकड़ा गया, जिसमें बड़ी मात्रा में खोपरा भरा हुआ पाया गया. यह उत्तर प्रदेश भेजा जा रहा था. प्रशासन के अधिकारियों ने तुरंत खाद्य एवं औषधी विभाग को सूचित कर अधिकारियों को बुलाया. खाद्य विभाग के अधिकारियों ने खोपरा बूरा के सेंपल लेकर जांच के लिए भेजा और बस को जब्त किया गया. जब्त बस में रखे खोपरे बूरे की बाजार कीमत 5 लाख रुपए बताई जा रही है. इस दौरान प्रशासन की टीम ने कुल 6 बसों को जब्त किया है. साथ ही 9 बसों से करीब 95 हजार रूपए का जुर्माना वसूल किया गया है. कार्रवाई में एसडीएम ओम नारायण बड़कुल, ट्रैफिक एसीपी मनोज खत्री, सहित तीनो विभागों के अधिकारी मौजूद थे. आरटीओ प्रदीप शर्मा ने बताया कि कलेक्टर शिवम वर्मा उपस्थिति में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों के पालन में संयुक्त जांच दल ने आज वर्ल्ड कप चौराहा और तीन इमली बस स्टैंड क्षेत्र में विशेष जांच अभियान चलाया था. जांच के दौरान परमिट, फिटनेस, इमरजेंसी गेट, फायर सेफ्टी सिस्टम, फर्स्ट एड बॉक्स, एचएसआरपी, रिफ्लेक्टर सहित अन्य सुरक्षा मानकों की जांच की गई. नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 6 बसों को जप्त किया गया, 9 बसों से 95 हजार रूपये का जुर्माना वसूला गया. 2 बसों से 1.64 लाख रूपये टैक्स की वसूली की गई और 1 बस की फिटनेस रद्द की गई.

**पब्लिक वीडियो फुटेज पर भी कार्रवाई**

इस दौरान टीम को एक पब्लिक वीडियो फुटेज भी प्राप्त हुआ, जिसमें एक प्राइवेट पासिंग मैजिक वाहन पालदा रोड पर बड़ी संख्या में बच्चों को स्कूल ले जाते हुए दिखाई दी. वाहन की पहचान कर उसके विरुद्ध भी कार्रवाई की जा रही है.

# तीन दिन में व्यवसायिक और औद्योगिक संपत्ति कर खातों का सर्वे हो : आयुक्त

**इंदौर.** नगर निगम की संपत्ति कर के अंतर को लेकर बैठक में तीन दिन में सभी व्यवसायिक और औद्योगिक उपयोग में संशोधन करने का लक्ष्य दिया गया है. इसके बाद क्षेत्रीय राजस्व अधिकारी मुहिम चलाकर अंतर की राशि वसूल करेंगे. खास बात यह है कि इसमें किसी का हस्तक्षेप नहीं रहेगा.

आज एआईसीटीएसएल कार्यालय में निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव ने नगर निगम के राजस्व अधिकारियों की बैठक ली. बैठक में आयुक्त ने सभी मौजूद अधिकारियों को चेतावनी दी है कि अपने क्षेत्रों का सर्वे कर ले और तीन दिन में संपत्ति खाते में सुधार या संशोधन नहीं हुआ है, तो अधिकारी की जिम्मेदारी होगी. ध्यान रहे कि नगर निगम द्वारा पिछले 15 दिनों से सभी झोनल और मुख्यालय पर संपत्तिकर खातों में सुधार और संशोधन के शिविर चल रहे है. उक्त शिविर में तीन दिन का समय और शहर के संपत्ति करदाताओं को दिया गया है. साथ ही क्षेत्रीय सहायक राजस्व अधिकारियों को भी हिदायत दी है कि वे अपने क्षेत्रों की व्यवसायिक और इंडस्ट्रियल संपत्ति का सर्वे कर रिपोर्ट तैयार कर ले. इसके बाद किसी को भी संपत्ति कर गलत जमा करने पर जुर्माना के साथ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी. वसूली और अंतर की राशि लेने की कारवाई में किसी का भी हस्तक्षेप नहीं रहेगा. बैठक में अपर आयुक्त श्रृंगार श्रीवास्तव , सभी झोन के राजस्व अधिकारी मौजूद थे.

# तिरूपति बालाजी वेंकटेश देवस्थान में छप्पन भोग दर्शन आज

**इंदौर. गुमाश्ता नगर स्थित श्री तिरूपति बालाजी वेंकटेश देवस्थान का अन्नकूट महोत्सव एवं छप्पन भोग दर्शन का भव्य आयोजन 12 नवम्बर को समारोहपूर्वक मनाया जाएगा.**



देवस्थान के ट्रस्टी पुरूषोत्तम पसारी व राम मूंदड़ा ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अन्नकूट महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा. इस अवसर पर भगवान तिरूपति बालाजी का भव्य श्रृंगार किया जाएगा तथा उन्हें स्वर्ण कवच धारण कराया जाएगा. साथ ही ठाकुर जी को छप्पन भोग लगाए जायेंगे. इस अवसर पर गोवर्धन धारण करते हुए गाय के गोबर से बनाई गई प्रतिकृति भी आकर्षण का केंद्र होगी. सायं 6.30 बजे महाआरती होगी एवं तत्पश्चात भगवान के दर्शन श्रद्धालुओं को सुलभ होंगे.

## एक नजर में

### एसबीआई फंड्स ने आंगनवाड़ी केंद्रों का किया नवीनीकरण

**धार .** एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड ने ऐक्शकन अगेंस्टश हंगर फाउंडेशन इंडिया के सहयोग से मध्यर प्रदेश के धार और छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिलों में 26 आंगनवाड़ी केंद्रों का नवीनीकरण किया . इन केंद्रों का उद्देश्य ग्रामीण इलाक़ों में बच्चोंत और माताओं के लिए सुरक्षित, शिक्षाप्रद और पोषण संबंधी सुविधाओं को मज़बूत करना है . धार में उद्घाटन समारोह में टीर्ला ब्लॉक के सीडीपीओ एस . एन. मकवाना, एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड के अधिकारी रजत ग्रोवर ( चीफ ह्यूमन रिसोर्सेज ऑफिसर ), रविंद्र जैन ( रीजनल हेड ), निशांत बंगेड़ा लीड सीएसआर, विनय अय्यर सीईओ एक्शन अगेंस्ट हंगर फाउंडेशन इंडिया, और संदीप देवाल प्रोजेक्ट मैनेजर ) के साथ-साथ आंगनवाड़ी सेविकाएं और बच्चे भी उपस्थित थे.

### नेक्सस ट्रेज़र आइलैंड व इंदौर सेंट्रल में ब्यूटी शोकेस

**इंदौर .** इस सीज़न नेक्सकस ट्रेज़र आइलैंड और इंदौर सेंट्रल ने शहर में ग्लैमर का नया रंग घोला है . मॉल ने 'द ग्लॉस बॉक्स' नाम से एक विशेष ब्यूटी शोकेस की शुरुआत की है, जो आत्म-अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास और रचनात्मकता का उत्सव है . यह आयोजन न सिर्फ़ सौंदर्य उत्पादों की प्रदर्शनी है, बल्कि एक ऐसा अनुभव है जहाँ हर आगंतुक खुद को निखारने और समझने का अवसर पाता है . 'द ग्लॉहस बॉक्सो' में टॉप ब्यूटी ब्रांड्स, एक्सक्लूसिव मेकओवर और पर्सनलाइज्ड ब्यूटी सेशन शामिल हैं, जो इसे हर ब्यूटी और फैशन प्रेमी के लिए एक ज़रूरी ठिकाना बना देते हैं . यहां आगंतुक नए ट्रेंड्स के बारे में जान सकते हैं, अपनी स्टाइल पसंद समझ सकते हैं और खरीदारी के साथ आकर्षक गिफ्ट्स तथा रिवार्ड्स भी पा सकते हैं .

### स्नेप टेस्ट का रजिस्ट्रेशन 20 नवंबर को होगा बंद

**इंदौर .** सिम्बायोसिस इंटरनेशनल ( डीम्ड युनिवर्सिटी ) ने सिम्बायोसिस नेशनल एप्टीट्यूड ( स्नेप ) टेस्ट 2025 का रजिस्ट्रेशन विंडो 20 नवम्बर को बंद करने की घोषणा की है . यह एमबीए के उम्मीदवारों के लिए राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा है . आवेदन के लिए अंतिम दिनांक को और आगे नहीं बढ़ाया जाएगा . टेस्टके लिए एडमिट कार्ड हर परीक्षा की दिनांक के आधार पर चरणों में जारी किए जाएंगे . परिणामों की घोषणा : 9 जनवरी को होगी . सिम्बायोसिस इंटरनेशनल के वाईस चांसलर डॉ रामाकृष्णन रमन ने कहा स्नेप टेस्ट सिम्बायोसिस के प्रीमियर एमबीए प्रोग्रामों के लिए गेटवे है . रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया जल्द बंद होने वाली है, ऐसे में हम उम्मीदवारों को सलाह देंगे कि सही समय पर अपना आवेदन पूरा करें और हमारे विश्वस्तर पर प्रतिष्ठित संस्थानों में एडमिशन का मौका पाएं .

### महिलाओं के लिए लिवोजन आयरन गमीज लॉन्च

**मुंबई .** प्रॉक्टर एंड गैंबल ( पी एंड जी ) हेल्थ लिमिटेड ने लिवोजन आयरन गमीज़ लॉन्च किया, जिनका उद्देश्य महिलाओं को उनकी दैनिक आयरन आवश्यकता पूरी करने में सहायता करना है . ये आयरन गमीज़ लिवोजन द्वारा विकसित की गई हैं- जो पी एंड जी हेल्थ के पोर्टफोलियो में भारत का डॉक्टर द्वारा सुझाया गया आयरन सप्लीमेंट ब्रांड है . आयरन थकान और बाल झड़ने की समस्या को कम करने में मदद करता है . लिवोजन आयरन गमीज़ दो कटोरे पालक के बराबर आयरन प्रदान करती हैं . पी एंड जी हेल्थ इंडिया के मार्केटिंग डायरेक्टर विजय कुमार पम्पना ने बताया कि दिन में केवल दो लिवोजन आयरन गमीन लेने से उतना आयरन मिलता है, जितना दो कटोरे पालक में होता है, जो महिलाओं को आयरन की कमी के लक्षणों जैसे थकान और बाल झड़ने से उबरने में मदद करता है .

### कोर्टेवा एग्रीसाइंस का डेलिगेट कीटनाशक

**इंदौर .** कोर्टेवा एग्रीसाइंस ने अपने डेलिगेट कीटनाशक में नए अपडेट की घोषणा की है, जो मक्का, कपास और मिर्च के किसानों के लिए एक भरोसेमंद समाधान के रूप में एकीकृत कीट प्रबंधन में इसकी भूमिका को और मजबूत करता है। सिद्ध प्रभावशीलता, कीट-प्रतिरोध प्रबंधन और आर्थिक मूल्य के साथ, डेलिगेट भारतीय किसानों को अधिक उत्पादकता और सामर्थ्य प्राप्त करने में सक्षम बनाता है . कई वर्षों से डेलिगेट किसानों का विश्वसनीय सहयोगी रहा है, जो मक्का में फॉल आर्मीवर्म ( एफ .ए .डब्ल्यू. ) और कपास व मिर्च में थ्रिप्स जैसे हानिकारक कीटों पर तेज़ और प्रभावी नियंत्रण के लिए जाना जाता है।यह रणनीतिक सुधार पारंपरिक कीट नियंत्रण से आगे बढ़कर, डेलिगेट की वैज्ञानिक विशेषताओं को रेखांकित करता है, जो फसल संरक्षण के लिए अधिक सक्रिय और टिकाऊ दृष्टिकोण को बढ़ावा देती हैं .

### डिश टीवी ग्रुप ने अमेजन प्राइम से साझेदारी की

**इंदौर .** भारत के अग्रणी कंटेंट डिस्ट्रीब्यूशन समूहों में से एक, डिश टीवी ने अमेज़न प्राइम के साथ साझेदारी की है ताकि अपने ग्राहकों को प्राइम लाइट के लाभ प्रदान किए जा सकें . इसके तहत योग्य डिश ग्राहकों को एक ही डिवाइस पर, अपनी पसंद के अनुसार, एचडी क्वालिटी में प्राइम वीडियो के प्रीमियम मनोरंजन संग्रह- भारतीय और अंतरराष्ट्रीय ओरिजिनल्स, ब्लॉकबस्टर फिल्मों और अन्य रोमांचक कंटेंट तक सहज पहुंच मिलेगी . डिश टीवी इंडिया लिमिटेड के सीईओ और एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर मनोज दोभाल ने कहा इस इंटीग्रेशन के साथ, हम प्रीमियम कंटेंट और अत्याधुनिक तकनीक को एक साथ लाकर हर भारतीय घर में मनोरंजन को सहज और आनंददायक बना रहे हैं . अमेज़न प्राइम वीडियो इंडिया की डायरेक्टर एवं हेड ऑफ एसवीओडी बिजनेस शिलांगी मुखर्जी ने कहा प्राइम वीडियो में हमारा लक्ष्य यह है कि हम लगातार इस बात को बेहतर बनाएं कि भारत भर में ग्राहक मनोरंजन को कैसे खोजते हैं और उसका आनंद लेते हैं .

# मनमोहन पार्श्वनाथ जैन मंदिर का जीर्णोद्धार पूर्ण, प्रतिष्ठा महोत्सव आज से

**इंदौर.** शहर के मध्य रेसकोर्स रोड स्थित श्री मनमोहन पार्श्वनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर का 38 वर्ष बाद राजस्थान के मकराना मार्बल से जीर्णोद्धार पूर्ण हो चुका है. पौने तीन साल में साकार हुए इस कार्य के उपरांत अब यहां 12 नवंबर से छह दिवसीय भव्य प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है. इसमें राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, हरियाणा सहित देशभर से 50 हजार से ज्यादा श्वेतांबर जैन समाजजन इंदौर पहुंचेंगे. आयोजन को लेकर समाज में उत्साह और श्रद्धा का वातावरण बना हुआ है. मंदिर परिसर में दर्शनों हेतु श्रद्धालुओं का आना प्रारंभ हो गया है.

मध्य क्षेत्र के इस प्रमुख जैन तीर्थ के इस महोत्सव का आयोजन गुरु मंदिर ट्रस्ट एवं प्रतिष्ठा महोत्सव समिति द्वारा किया जा रहा है. प्रतिष्ठा महोत्सव समिति अध्यक्ष जय सिंह जैन और सचिव शैलेश अंबर ने बताया कि यह दिव्य आयोजन शुभंकारी निश्रा प्रतिष्ठाचार्य सौधर्म बृहत्तपागच्छाधिपति आचार्यदेव विजय जयानंदसूरीश्वरजी एवं आचार्यदेव श्रीमद् विजय दिव्यानंदसूरीश्वरजी की पावन उपस्थिति में संपन्न होगा।इस दौरान अनेक श्रमण-श्रमणी भी उपस्थित रहेंगे.सचिव शैलेश अंबर ने बताया कि करीब 48 वर्ष पूर्व 13 जैन परिवारों ने भक्ति, एकता और समर्पण का प्रतीक बनाते हुए यह भूमि क्रय की थी, जिसे पार्श्वनाथ नाम दिया गया. 30 नवंबर 1987 को यहां भगवान श्री पार्श्वनाथ जिनालय की प्रतिष्ठा की गई थी. तब से यह मंदिर समाज की आस्था और अध्यात्म का केंद्र रहा है. लगभग 35 वर्ष बाद 26 जनवरी 2023 को जीर्णोद्धार कार्य प्रारंभ किया गया था, जो अब राजस्थान के मकराना संगमरमर से बने भव्य और आकर्षक मंदिर के रूप में पूर्ण हो चुका है.

# तबले पर बाबा महाकाल की भस्म आरती की प्रस्तुति

- अहिल्योत्सव समिति द्वारा संगीत निशा का आयोजन

**इंदौर. श्री अहिल्योत्सव समिति इंदौर द्वारा अहिल्या सदन के सभागृह में संगीत निशा का आयोजन किया गया.**




प्रकाश खानवलकर के द्वारा ओ बसंती पवन पागल, कहीं दीप जले कहीं दिल, घर आया मेरा परदेसी, मोरा नादन बालमा, उड़े जब जब जुल्फें आदि सदाबहार फिल्मों गीतों की धुन बुलबुल तरंग पर बजाकर सभी का मन मोह लिया गया. प्रसिद्ध तबला वादक हितेंद्र दीक्षित ने तबले पर बाबा महांकाल की भस्म आरती की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया. प्रसिद्ध गायक राजेंद्र गलगले ने एक मेरी जौहरा जबी (राग पिलू), अंखियन संग ( राग मालकोंस ), इशारों इशारों में ( राग पहाड़ी ) आदि गीतों की शानदार प्रस्तुति दी गई. ऑक्टोपैड पर प्रकाश घोड़गांवकर, ढोलक पर सुधीर कुरान्ने, तबले पर कपिल रावल, हारमोनियम पर अक्षय चिखलीकर ने संगत दी एवं युगल गीत में सुश्री सोनम व्यास ने राजेन्द्र गलगले का साथ दिया. कलाकारों का स्वागत अशोक डागा, शरयू वाघमारे, अविनाश भांड, योगेश लांभाते तथा डॉ ज्योत्सना खर्राटे एवं सिद्धार्थ केदारे द्वारा किया गया. संचालन राशि सोलंकी ने किया. आभार लोकेंद्र वर्मा ने माना.

**कलाकारों का सम्मान करना चाहिए**

समारोह में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन भी उपस्थित थी . सभी कलाकारों के प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि देवी अहिल्या भी कलाकारों का सम्मान करती थी हमें भी इस प्रकार के आयोजन हमेशा करके कलाकारों का सम्मान करना चाहिए .

# श्रीनाथजी का किया श्रृंगार, लगाया 56 भोग

- रेवती हिल्स रहवासी संघ ने धूमधाम से मनाया अन्नकूट महोत्सव

**इंदौर. सांवेर रोड, रेवती हिल्स अरबिंदो हॉस्पिटल क्षेत्र के रहवासियों का अन्नकूट महोत्सव उत्साहपूर्ण माहौल में मनाया गया.**



अग्रवाल हिन्डोनिया पंचायत के अध्यक्ष गोपाल गोयल एवं व्यापारिक ओद्योगिक विकास बैंक के अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल तथा अग्रवाल डिंडवाला समाज कसेरा बाजार के पुरुषोत्तम गर्ग के आतिथ्य एवं पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता के विशेष आतिथ्य में भगवान श्रीनाथजी को 56 भोग, श्रृंगार दर्शन एवं महाआरती के साथ महिलाओं ने मनोहारी भजन प्रस्तुत कर मेहमानों को मंत्रमुग्ध बनाए रखा. महोत्सव में रेवती हिल्स के साथ अरबिंदो हॉस्पिटल एवं सांवेर रोड क्षेत्र की अन्य कॉलोनियों के अन्य समाजबंधुओं ने शामिल होकर महाप्रसादी का लाभ उठाया. अतिथियों का स्वागत नंदकिशोर अग्रवाल ने किया.

# उपभोक्ता कांगेस में गर्ग संगठन सचिव नियुक्त



**इंदौर.** अखिल भारतीय उपभोक्ता कांग्रेस के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष पं. आर के शुक्ला ने शहर के वरिष्ठ नागरिक एवं विभिन्न सामाजिक धार्मिक संगठनों से जुड़े समाजसेवी राजेंद्र गर्ग को संगठन का प्रदेश सचिव नियुक्त किया है. संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी शर्मा की सहमति से की गई इस नियुक्ति पर अखंड धाम के महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी चेतनस्वरुप, हंसदास मठ के महामंडलेश्वर महंत पवन दास महाराज, महामंडलेश्वर हरचरण दास महाराज, साईं भक्त छोटू शुक्ला, ठाकुर विजय सिंह परिहार, प्रकाश तोमर, देशराज राठोर, राजेश कायत, सीए सीताराम सोनी एवं श्रद्धा सुमन सेवा समिति के हरि अग्रवाल, राजेंद्र सोनी, डॉ. चेतन सेठिया आदि ने बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि वे संगठन के माध्यम से आम उपभोक्ताओं के हित में हर स्तर पर आवाज़ उठाएँगे.




# आर्थिक कमजोर कैंसर मरीजों की नि :स्वार्थ भाव से करना चाहिए सेवा

**इंदौर.** समाज में ऐसे कई कैंसर मरीज है जो आर्थिक अभावों के चलते अपना इलाज नहीं करा पाते और न ही कीमोथैरिपी. ऐसे मरीजों की नि:स्वार्थ भाव से सेवा करनी चाहिए.

ये विचार आचार्य श्री विश्वरत्न सागर सुरिश्वर जी महारासा. के है,जो उन्होंने रॉबर्ट्स नर्सिंग होम स्थित कीमोथेरोपी सेंटर में मुख्य अतिथि बतौर कहे। आचार्य श्री ने सेंटर का अवलोकन किया और यहां की व्यवस्था को देखा इस मौके पर जैन समाज के वरिष्ठ पारस कटारिया, अनोखीलाल जैन, कैलाश नाहर, दिलीप सी जैन, प्रकाश भटेवरा व कीर्तीशाह विशेष रूप से उपस्थित थे. डॉ. गौरव खंडेलवाल ने बताया कि कीमोथैरेपी सेंटर में मात्र 8 हजार रुपए में कीमोथेरेपी की जा रही है जबकि अधिक रियायत के कारण अल्प समय मे प्रदेशभर के कैंसर मरीज यहां इलाज के लिए आ रहे है. संस्था के परामर्शदाता योगेन्द्र सांड ने बताया कि अभी तक 8500 के लगभग कैंसर मरीज इसका लाभ ले चुके है. जनसहयोग प्राप्त होने से कमजोर मरीजों को रियायती दरों पर इलाज कराया जाएगा.

**स्वास्थ्य** | समय पर पहचान और सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव : डॉ . रवि डोसी

# बदलते मौसम में बढ़ जाता है निमोनिया का खतरा

**इंदौर.** हमारे श्वसन तंत्र को कमजोर बनाने में, तापमान में उतार-चढ़ाव, ठंडी हवाएँ और बढ़ता प्रदूषण सबसे बड़ी वजह माने जा सकते हैं. ऐसे बदलते मौसम में निमोनिया होने का खतरा तेजी से बढ़ जाता है. निमोनिया एक गंभीर फेफड़ों का संक्रमण है, जिससे सांस लेने में कठिनाई, खांसी, बुखार और ठंड लगना जैसे लक्षण दिखाई देते हैं.



उक्त जानकारी कोकिलाबेन धीरुभाई अंबानी अस्पताल के पल्मोनरी मेडिसिन के कन्सल्टेन्ट डॉ. रवि डोसी ने दी. उन्होंने निमोनिया के खतरे से किस तरह बचें और किस तरह सुरक्षित रहें इसकी भी जानकारी दी. उन्होंने बताया कि बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता पूरी तरह विकसित नहीं होती, इसलिए बच्चे मौसम बदलते ही संक्रमण की चपेट में जल्दी आते हैं. स्कूल जाने वाले बच्चों में वायरस और बैक्टीरिया के फैलने का खतरा ज्यादा रहता है। खांसी, तेज बुखार, छाती में दर्द या सांस फूलना बच्चों में निमोनिया के शुरुआती लक्षण हो सकते हैं. माता-पिता को इन संकेतों को नज़रअंदाज़ नहीं करना चाहिए और तुरंत डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए. यदि ध्यान नहीं दिया गया तो समय पर इलाज न मिलने पर निमोनिया बच्चों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है. उन्होंने कहा कि बदलते मौसम में निमोनिया का खतरा सभी आयु वर्ग के लोगों में समान रूप से रहता है, लेकिन बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह अधिक खतरनाक हो सकता है. समय पर पहचान, डॉक्टर की सलाह और सही देखभाल से इससे आसानी से बचा जा सकता है. स्वस्थ दिनचर्या और सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है.

**वयस्कों के लिए बढ़ता जोखिम**

वयस्कों में खासकर बुजुर्गों, डायबिटीज़, अस्थमा, हृदय रोग या कमजोर इम्यून सिस्टम वाले लोगों में निमोनिया का खतरा ज्यादा रहता है . सर्दी-खांसी को हल्के में लेना या खुद दवा लेना स्थिति को और बिगाड़ सकता है . धूम्रपान करने वालों में भी फेफड़ों की कार्यक्षमता कम होने के कारण संक्रमण जल्दी फैलता है .

**बचाव के प्रभावी तरीके**

बच्चों और बुजुर्गों के लिए निमोनिया का टीका बेहद आवश्यक है . अचानक ठंड या गर्मी से शरीर को बचाने के लिए मौसम के अनुसार कपड़े पहनें . बार-बार हाथ धोएं और भीड़भाड़ वाली जगहों पर मास्क पहनें . विटामिन-सी, जिंक और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर आहार इम्यूनिटी मजबूत करता है . धूम्रपान से बचें, यह फेफड़ों की कार्यक्षमता को नुकसान पहुंचाता है और संक्रमण का खतरा बढ़ाता है . हल्की कसरत या योग फेफड़ों को मजबूत बनाता है .